# निवेश मित्र पोर्टल पर अब नहीं लगेगा बैंकिंग लेन-देन शुल्क

## पोर्टल के भुगतान गेटवे नेटवर्क का होगा विस्तार 11 बैंक देंगे सेवाएं

**राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में उद्योग व व्यापार को सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से बढ़ावा देने की पहल के तहत बैंकिंग लेने-देन से सुविधाओं को और भी सुगम बनाया जा रहा है। निवेश मित्र के सुचारु संचालन के लिए नोडल एजेंसी इन्वेस्ट यूपी ने पोर्टल के पेमेंट गेटवे विकल्पों का विस्तार करने की पहल की है। इसके तहत सभी बैंक अब बैंकिंग गेटवे लेन-देन पर कोई शुल्क नहीं लेंगे। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया। देश के सबसे बड़े सिंगल विंडो पोर्टल में से एक निवेश मित्र 42 विभागों की 500 से अधिक आनलाइन सेवाएं प्रदान कर रहा है।

बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक में अभिषेक प्रकाश ने कहा कि सभी बैंक अब बैंकिंग गेटवे लेन-देन पर कोई शुल्क नहीं लेंगे, जिससे निवेशकों, आवेदकों व नागरिकों को सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आइसीआइसीआइ बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी बैंक पेमेंट गेटवे के रूप में सूचीबद्ध थे, जो डेबिट कार्ड, यूपीआइ, इंटरनेट बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से सुरक्षित भुगतान विकल्प प्रदान करते हैं।



इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश गुरुवार को बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते •जागरण

**42** विभागों की 500 से अधिक आनलाइन सेवाएं प्रदान कर रहा निवेश मित्र

अब आठ नए बैंक पेमेंट गेटवे सुविधा देंगे जिनमें एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एयू बैंक, इंडियन बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, इंडसइंड बैंक, बैंक आफ इंडिया और यूनियन बैंक शामिल हैं। निवेश मित्र पोर्टल पर जल्द ही 11 बैंक पेमेंट गेटवे के रूप में शामिल होंगे। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ इन्वेस्ट यूपी के वित्त नियंत्रक विश्वजीत राय मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि निवेश मित्र पोर्टल के जरिये इस वर्ष 30 नवंबर तक 2.6 लाख से अधिक लेन-देन संपादित किए गए हैं। यह पोर्टल निवेशकों को 42 विभागों से आसानी से आनलाइन मंजूरी और एनओसी प्राप्त करने और 500 से अधिक सेवाओं तक पहुंचने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है।